<u>समाचार</u>

<u>महापौर ने तीर्थ यात्रियों को प्रदान किए परिचय पत्र</u>

<u>(16 जून को वैष्णो देवी, रघुनाथ मंदिर के लिए रवाना होंगे यात्री)</u>



कोरबा 14 जून 2016 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज निगम कार्यालय साकेत में मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत वैष्णो देवी , रघुनाथ मंदिर की तीर्थ यात्रा पर जाने वाले वरिष्ठ नागरिकों को परिचय पत्र प्रदान किए। इस मौके पर उन्होने इन यात्रियों को अपनी शुभकामनाएं दी तथा उनकी सुखद एवं सकुशल यात्रा की कामना की।

छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र से 103 वरिष्ठ नागरिकों को वैष्णो देवी, रघुनाथ मंदिर की यात्रा पर भेजा जा रहा है, यह तीर्थ यात्रा 16 जून 2016 को प्रारंभ होगी तथा तीर्थ यात्रियों की वापसी 20 जून 2016 को होगी। आज महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत परिसर में इन तीर्थ यात्रियों को परिचय पत्र प्रदान किए, इस मौके पर उन्होने यात्रा पर जाने वाले वरिष्ठ नागरिकों की सुखद यात्रा की कामना करते हुए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी। तीर्थ यात्रियों के साथ निगम के 03 कर्मचारी नोडल अधिकारी के रूप में जाएंगे। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने इन कर्मचारियों से कहा है कि वे यात्रा के दौरान वरिष्ठ नागरिकों की सुख–सुविधा का विशेष ध्यान रखें तथा यह सुनिश्चित करें कि उन्हें यात्रा के दौरान किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी न हो। निगम के समाज कल्याण अधिकारी डॉ. शिरीन लाखे ने बताया कि यह तीर्थ यात्रा 16 जून को कोरबा रेलवे स्टेशन से 2 बजकर 30 मिनट पर विशेष ट्रेन से रवाना होगी, यात्रा पर जाने वाले वरिष्ठ नागरिकों से कहा गया है कि वे निर्धारित समय पर पहुंचना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य देवीदयाल सोनी एवं संतोष राय, पार्षद रवि सिंह चंदेल, रवि महाराज, मनकराम साहू, समाज

कल्याण अधिकारी डॉ. शिरीन लाखे, तीजराम साहू, गंगा प्रसाद तिवारी, कुशल सिंह गोड़ आदि के साथ तीर्थ यात्रा पर जाने वाले वरिष्ठ नागरिक एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

**शेष बचे यात्री निगम कार्यालय से परिचय पत्र प्राप्त कर लें**– समाज कल्याण अधिकारी डॉ. शिरीन लाखे ने बताया कि तीर्थ यात्रा पर जाने वाले वरिष्ठ नागरिकों को आज प्रदान किए गए परिचय पत्र के दौरान किन्ही कारणवश जो वरिष्ठ नागरिक अपनी उपस्थिति नहीं दे पाए हैं तथा परिचय पत्र प्राप्त नहीं कर पाए हैं, वे 15 जून को दोपहर 3 बजे तक नगर निगम कार्यालय साकेत स्थित समाज कल्याण विभाग से अपना परिचय पत्र अनिवार्य रूप से प्राप्त कर लें। उन्होने बताया कि यदि 15 जून को निर्धारित समय तक परिचय पत्र प्राप्त नहीं किए जाते तो उन्हें निरस्त माना जाएगा।